# <u>प्रेस-नोट</u>

## थाना बबीना, जनपद झाँसी

**<u>दिनाँक- 09.10.2025</u>**

- जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,
- अवैध गांजा के साथ परिवहन करते हुये दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 64.100 किग्रा अवैध गांजा (कीमत करीब 30 लाख रूपये) व कार बरामद,

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 09.10.2025 को थाना बबीना व एस0टी0एफ0 लखनऊ उ0प्र0 की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ बिक्री के रोकथाम अभियान के क्रम में बबीना टोल प्लाजा के पास बबीना तिराहा झाँसी - ललितपुर हाइवे कस्बा व थाना बबीना जनपद झाँसी से चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण- 1.जावेद पुत्र जुल्फी निवासी मोहल्ला मण्डी चमारन थाना सरधना जिला मेरठ हाल पता ग्राम नन्दपुरा पूरामहादेव थाना जानी जनपद मेरठ उम्र करीब 22 वर्ष 2. आकाश कुमार पुत्र जितेन्द्र निवासी कालन्ज थाना सरधना जिला मेरठ उम्र करीब 27 वर्ष के कब्जे से कार हुण्डई सेन्ट्रो वाहन सं0 UK 07 AL 1970 में 64 किलो 100 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया है

अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0स0 308/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### <u>बरामदगी का विवरण –</u>

हुण्डई सेन्ट्रो कार वाहन सं0 UK 07 AL 1970 में 64 किलो 100 ग्राम अवैध गाँजा बरामद, कीमत करीब 30 लाख रूपये-

### <u>नाम पता अभियुक्तगण –</u>

1.जावेद पुत्र जुल्फी निवासी मोहल्ला मण्डी चमारन थाना सरधना जिला मेरठ हाल पता ग्राम नन्दपुरा पूरामहादेव थाना जानी जनपद मेरठ उम्र करीब 22 वर्ष

2. आकाश कुमार पुत्र जितेन्द्र निवासी कालन्ज थाना सरधना जिला मेरठ उम्र करीब 27 वर्ष

### <u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>

1.प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना मय पुलिस टीम।

2.प्रभारी एस0टी0एफ0 लखनऊ उ0प्र0 मय टीम ।